(b) During President Diouf's brief transit held in New Delhe on July 3-4, 1984, views on matters of mutual interest were exchanged. The Senegalese President's desire to have increased cooperation in various fields, including economic and cultural, between the two countries, was fully reciprocated by our President and the P.M.

**Collection of funds by Hardayal Singh, self-styled Governor General of Khalistan**

1780. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item which appeared in the 'Telegraph' (Calcutta) on 23rd June, 1984 to the effect that Hardayal Singh, the self-styled Governor General of Khalistan went to California to collect money in support of himself and for eight other Sikh extremists;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what action Government have taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI RAM NIWAS MIRDHA): (a) to (c) Government have seen the news item in question which has been circulated by Los Angeles Times—Washington Post News Service. Government are aware of the pro-Khalistan activities of some individuals abroad but the name of Hardayal Singh has not come to notice as one of the leaders. Government have been countering the extremists' propaganda abroad by maintaining contacts with the Press and providing audio and video cassettes to the ethnic media, Indian Associations, prominent individuals etc.

**राजभाषा विभाग के निरीक्षण स्कन्ध द्वारा केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों का निरीक्षण**

1781. **श्री राम नरेश कुशवाहा** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी से 31 मार्च, 1983 के बीच राजभाषा विभाग की ओर से कितने कार्यालयों का हिन्दी के प्रयोग से संबंध में निरीक्षण किया गया था ;

(ख) 1 अप्रैल से 30 जून, 1983 के बीच कितने कार्यालयों का निरीक्षण किया गया ;

(ग) 1 जुलाई से 30 सितम्बर, 1983 के बीच कितने कार्यालयों का निरीक्षण किया गया ; और

(घ) उपर्युक्त अवधियों के बीच कितने कार्यालयों का निरीक्षण किया गया, उनमें (i) पत्राचार में हिन्दी के प्रयोग, (ii) हिन्दी टाइपराइटरों की व्यवस्था और (iii) सामान्य आदेशों को द्विभाषिक जारी करने के संबंध में तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा)** : (क) 1 जनवरी, 1983 से 31 मार्च, 1983 के बीच राजभाषा विभाग द्वारा 49 कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

(ख) 1 अप्रैल से 30 जून, 1983 बीच 112 कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

(ग) 1 जुलाई से 30 सितम्बर, 1983 के बीच 67 कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

(घ) जिन कार्यालयों का निरीक्षण किया जाता है उनकी तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की जाती है और जो कमियां होती हैं उनके बारे में निरीक्षण के साथ बता दिया जाता है। कार्यालयों का तुलनात्मक विवरण रखने की कोई प्रथा नहीं है।